KJ-1189

B.Com. (Part - I)

Term End Examination, 2020

Group - A

Paper - I

Financial Accounting

Time : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

नोट : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

Note : Answer **all** questions. All questions carry equal marks.

इकाई / Unit-I

1. लेखांकन अवधारणा से आप क्या समझते हैं? विभिन्न लेखांकन अवधारणा को समझाइए।

   What do you mean by Accounting concept? Explain various Accounting concepts.

अथवा / OR

सुरेन्द्रनाथ के पास 1 मार्च, 2019 को हस्तस्थ रोकड़ ₹ 5,600 तथा बैंक में रोकड़ ₹ 48,000 था। इस माह में उसके नगद लेन-देन निम्नलिखित हुए :

2019

मार्च 2 नगद माल बेचा ₹ 7,500।

मार्च 5 रमेश से (₹ 8,250 के ऋण के पूर्ण भुगतान में) चैक प्राप्त हुआ जिसे बैंक में भेज दिया 8,000।

मार्च 8 विज्ञापन की अदायगी के लिए चैक जारी किया ₹ 2,000।

मार्च 10 मोहन के पक्ष में चैक जारी किया ₹ 9,000।

बट्टा प्राप्त किया ₹ 300।

मार्च 12 सुरेन्द्रनाथ ने घरेलू खर्च के लिए रोकड़ राशि ली ₹ 3,000।

मार्च 14 नवीन से चैक (धनादेश) प्राप्त हुआ जिसे बैंक भेजा ₹ 5,900।

बट्टा दिया ₹ 100।

मार्च 17 कार्यालय में प्रयोग हेतु बैंक से रुपया निकाला ₹ 8,000।

मार्च 18 पुरानी मशीन बेची और भुगतान में चैक प्राप्त हुआ जिसे बैंक में जमा कर दिया ₹ 34,000।

मार्च 20 नगद माल खरीदा ₹ 15,000।

मार्च 22 बैंक ने नवीन का चैक अनादृत होने के कारण लौटा दिया।

मार्च 25 नगद माल बेचा ₹ 12,000।

मार्च 26 नई मशीनरी खरीदी और चैक जारी किया ₹ 90,000।

मशीनरी का संस्थापन व्यय नगद अदा किया ₹ 3,000।

मार्च 28 बैंक में रोकड़ राशि जमा की ₹ 8,000।

मार्च 31 कार्यालय व्यय चैक द्वारा अदा किया ₹ 4,000।

मार्च 31 पास बुक के अनुसार बैंक प्रभार ₹ 150।

उपर्युक्त लेन-देनों से तीन खाते वाली रोकड़ पुस्तक बनाइए। ब्यौरा देना आवश्यक नहीं है।

Surendranath had on 1st March, 2019, cash in hand ₹ 5,600 and cash at bank ₹ 48,000. The cash transactions for the month were as follows :

2019

March 2 Sold Goods for cash ₹ 7,500.

March 5 Received cheque from Ramesh (in full settlement of his debt of ₹ 8,250) and send into bank ₹ 8,000.

March 8 Paid for Advertising by cheque ₹ 2,000.

March 10 Issued cheque in favour of Mohan ₹ 9,000.

Discount received ₹ 300.

March 12 Drawn cash for domestic use by Surendranath ₹ 3,000.

March 14 Received cheque from Navin and sent into Bank ₹ 5,900.

Discount allowed ₹ 100.

March 17 Withdrew cash from bank for office use ₹ 8,000.

March 18	Sold old machinery and received cheque for payment which is sent to bank the same day ₹ 34,000.
March 20	Purchased goods for cash ₹ 15,000.
March 22	Bank returned cheque of Navin dishonoured.
March 25	Sold goods for cash ₹ 12,000.
March 26	New machinery purchased and cheque issued ₹ 90,000. Paid installation expenses for machinery in cash ₹ 3,000.
March 28	Deposited cash into Bank ₹ 8,000.
March 31	Paid establishment charges by cheque ₹ 4,000.
March 31	Bank charges as per Pass Book ₹ 150.

Prepare triple column cash bok from the above transactions. (Narrations not required)

इकाई / Unit-II

2. 31 मार्च, 2019 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए निम्न विवरणों के आधार पर अग्रवाल मशीनरी स्टोर्स का व्यापार खाता, लाभ-हानि खाता एवं उक्त तिथि का चिट्ठा तैयार कीजिए।

समायोजन :

(*a*) अन्तिम स्कंध ₹ 13,750।

(*b*) 6% वार्षिक की दर से ऋण पर ब्याज लगाना है।

(*c*) पूँजी पर 5% वार्षिक की दर से ब्याज लगाना है।

(*d*) ह्रास: भवन पर 2.5%, यन्त्र पर 5% तथा फर्नीचर पर 10%।

विक्रय ₹ 80,500; प्रारम्भिक स्कन्ध ₹ 8,500; क्रय ₹ 45,750; वेतन ₹ 6,400; मजदूरी ₹ 3,350; भवन ₹ 46,000; यन्त्र ₹ 20,000; फर्नीचर (उपस्कर) ₹ 2,550; भाड़ा ₹ 2,400; आगत वाहन व्यय ₹ 350; कस्टम ड्यूटी ₹ 2,700; अशोध्य ऋण ₹ 1,000; पूँजी ₹ 50,000; देय विपत्र ₹ 4,500;

लेनदार 19,500; देनदार ₹ 32,000; प्राप्य विपत्र ₹ 3,500; बीमा ₹ 4,500; अपहार ₹ 250; सामान्य व्यय ₹ 350; कर ₹ 1,450; विक्रय वापसी ₹ 2,300; मरम्मत ₹ 700; ऋण ₹ 25,000; क्रय वापसी ₹ 500।

From the following particulars prepare Trading Account, Profit & Loss Account and Balance Sheet of Agrawal Machinery Stores on 31st March, 2019.

Adjustments :

(*a*) Closing Stock ₹ 13,750.

(*b*) Interest on loan is to be charged @ 6% p.a.

(*c*) Interest on capital is to be charged @ 5% p.a.

(*d*) Depreciation : on Premises 2.5%, Plant 5% and Furniture 10%.

Sales ₹ 80,500; Opening Stock ₹ 8,500; Purchases ₹ 45,750; Salaries ₹ 6,400; Wages ₹ 3,350; Premises ₹ 46,000; Plant ₹ 20,000;

Furniture ₹ 2,550; Frieght ₹ 2,400; Carriage Inwards ₹ 350; Custom Duty ₹ 2,700; Bad Debts ₹ 1,000; Capital ₹ 50,000; Bills Payable ₹ 4,500; Creditors ₹ 19,500; Debtors ₹ 32,000; Bills Receivable ₹ 3,500, Insurance ₹ 4,500; Discount ₹ 250; General Charges ₹ 350; Taxes ₹ 1,450; Sales Returns ₹ 2,300; Repairs ₹ 700; Loan ₹ 25,000; Purchases Returns ₹ 500.

अथवा / *OR*

अशुद्धियों के संशोधन का आशय लिखिए। अशुद्धियों के प्रकार को समझाइए।

Write the meaning of rectification of errors. Explain the types of errors.

इकाई / Unit-III

3. 1 अप्रैल, 2017 को एक सीमित कम्पनी ने ₹ 39,000 में एक यन्त्र क्रय किया और ₹ 1,000 इसकी स्थापना पर खर्च किये। यन्त्र का कार्यशील जीवन 10 वर्ष तथा इस अवधि के अन्त में

इसका अवशेष मूल्य ₹ 5,000 आँका गया। 5% प्रतिवर्ष की दूर से ब्याज प्रभारित करते हुए वार्षिक पद्धति के अनुसार प्रथम पाँच वर्षों का यन्त्र खाता बनाइए एवं प्रत्येक वर्ष लाभ-हानि पर पड़ने वाले भार को दिखाइए।

वार्षिकी सारणी के अनुसार ₹ 1 को 5% वार्षिक ब्याज दर से अपलिखित करने के लिए वार्षिक ह्रास (अवक्षयण) की राशि ₹ 0.129505 होगी।

On 1st April, 2017, a Limited Company purchased a Machine for ₹ 39,000 and spent ₹ 1,000 on its erection. Its working life was estimated 10 years, at the end of which its residual value will be ₹ 5,000, Charging 5% interest per annum, prepare Machinery Account for the first five years using Annuity method and also show the amount that will be charged to the Profit & Loss Account every year.

According to Annuity table to write off ₹ 1 @ 5% p.a. the annual amount of depreciation is ₹ 0.129505.

अथवा / OR

आय-व्यय खाता' से आप 'प्राप्ति भुगतान खाता' कैसे तैयार करेंगे? बताइए।

State how would you prepare 'Receipts and Payments Account' from 'Income and Expenditure Account'?

इकाई / Unit-IV

4. 1 अप्रैल, 2018 को रायपुर की अनमोल इनवेस्टमेण्ट कम्पनी लि. ने चेन्नई की अपराजिता ऑटोमोबाइल कम्पनी लि. से एक मोटरकार किराया क्रय पद्धति के आधार पर खरीदी। अनुबन्ध के समय ₹ 96,000 प्रारम्भिक भुगतान के रूप में दिये गये एवं शेष रोकड़ मूल्य तीन समान वार्षिक किस्तों में 5% ब्याज की राशि के साथ देने की बात तय हुई। ब्याज सहित अन्तिम किस्त ₹ 1,34,400 की हुई। ह्रास हरासमान शेष पद्धति के अनुसार 10% वार्षिक की दर से लगाने का निश्चय किया गया।

अनमोल इनवेस्टमेंट कम्पनी लि. की खाता बही में मोटर खाता एवं अपराजिता ऑटोमोबाइल लि. का खाता खोलिए।

On 1st April, 2018 Anmol Investment Co. Raipur purchased a motor from Aprajita Automobile Co. Ltd., Chennai on the Hire Purchase system. At the time of agreement a sum of ₹ 96,000 was paid out of the cash down price of the car and balance would be payable in three equal anuual instalments together with interest @ 5% per annum. The amount of last instalment including interest was ₹ 1,34,400. Depreciation was to be provided at 10% per annum on the reducing balance method.

Prepare the Motorcar Account and Aprajita Automobile Company Account in the books of Anmol Investment Co. Ltd.

अथवा / OR

किस्त क्रय (भुगतान) पद्धति से आप क्या समझते हैं? इसके गुण एवं दोषों का वर्णन कीजिए।

What do you understand by Instalment purchase (payment) system ? Describe its merits and demerits.

इकाई / Unit-V

5. भरत, दिलीप तथा जयन्त एक फर्म के साझेदार हैं और 2:2:1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते हैं।

31 मार्च, 2018 को उनका चिट्ठा निम्नानुसार है :

चिट्ठा

(31 मार्च, 2018 को)

दायित्व	राशि ₹	सम्पत्तियाँ	राशि ₹
लेनदार	20,000	रोकड़	25,000
संचय कोष	25,000	विविध देनदार	20,000
पूँजी :		स्कन्ध	25,000
भरत ₹ 50,000		टाइपराइटर	10,000
दिलीप ₹ 20,000		संयन्त्र	45,000
जयन्त ₹ 10,000	80,000		
	1,25,000		1,25,000

उन्होंने फर्म के विघटन का निर्णय किया। सम्पत्तियों की वसूली से निम्न राशियाँ प्राप्त हुईं- संयन्त्र ₹ 42,500, टाइपराइटर 7,500, स्कन्ध ₹ 35,000 तथा विविध देनदार ₹ 18,500।

लेनदारों ने 2% बट्टा दिया। भरत समस्त वसूली व्ययों को वहन करने को तैयार हो गया। इसके लिए भरत को ₹ 600 दिए गए। वसूली के वास्तविक व्यय ₹ 950 हुए। एक ₹ 2,500 की सम्पत्ति अलिखित है, वह दिलीप ने ₹ 2,000 में ले ली। फर्म की पुस्तकों को बन्ध करने हेतु आवश्यक खाते बनाइए।

Bharat, Dilip and Jayant are partners in a firm sharing Profit & Losses in the ratio of 2:2:1. Their Balance Sheet as on 31st March, 2018 is as follows :

Balance Sheet

(As on 31st March, 2018)

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors	20,000	Cash	25,000
Reserve Fund	25000	Sundry Debtors	20,000

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Capital :		Stock	25,000
Bharat ₹50,000		Typewriters	10,000
Dilip ₹20,000		Plant	45,000
Jayant ₹10,000	80,000		
	1,25,000		1,25,000

They decided to dissolve the firm. The following are the amount realised : Plant ₹ 42,500, Typewriter ₹ 7,500, Stock ₹ 35,000 and Sundry Debtors ₹ 18,500.

Creditors are allowed a discount of 2%, and Bharat agreed to bear all realisation expenses. Bharat is paid ₹ 600 of realisation. Actual expenses for this amounted to ₹ 950. There is an unrecorded asset of ₹ 2,500, which is taken over by Dilip at ₹ 2,000.

Prepare the necessary accounts to close the books of the firm.

अथवा / OR

फर्म के एकीकरण से आप क्या समझते हैं ? पुरानी फर्म की पुस्तकें किस प्रकार बन्द की जाती हैं ?

What do you mean by amalgamation of firms ? How the books of old firms are closed ?

———